**BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)**
**STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**
**DEPARTMENT OF BOTANY**

**MR. LALLAN PRASAD**
HEAD
**E-MAIL:** lallanbsnv@gmail.com
**MOB. NO.:** 9415888804
**DATE:** 21/01/2023

# रिपोर्ट

आज दिनांक 21 जनवरी 2023 को बीएसएनवी पीजी कॉलेज लखनऊ के वनस्पति विज्ञान विभाग के श्री लल्लन प्रसाद द्वारा बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं के साथ एनबीआरआई में आयोजित गुलाब एवं ग्लेडियोलस प्रदर्शनी का शैक्षिक भ्रमण किया गया ,जिसमें 25 से अधिक प्रजातियां ग्लेडियोलस की प्रदर्शित थी जिनमें सिल्विया, स्नो वाइट , वाइट प्रोस्पेरीटी, अमेरिकन ब्यूटी ,हंटिंग सॉन्ग इत्यादि शामिल है । प्रदर्शनी में गुलाब की भी 50 से अधिक प्रजातियां प्रदर्शित थी ।छात्र एवं छात्राओं को सबसे अधिक आकर्षित गुलाब की बेल प्रजाति तथा लघु हरित गुलाब ने किया। एनबीआरआई में गुलाब की 200 से अधिक प्रजातियां संग्रहित है जिनमें भारतीय और विदेशी किस्में शामिल हैं, जिसमें हाइब्रिड टी ,फ्लोरी बंडा, रोजा क्लीनओफाईला (दुर्लभ प्रजाति)आदि शामिल है। इन प्रजातियों के गुलाब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बहुत लोकप्रिय हैं तथा गुलाब का तेल विभिन्न प्रकार के कॉस्मेटिक , इत्र एवं औषधि बनाने में उपयोग होता है। इनके अतिरिक्त प्रदर्शनी में वज्रदंती, इंसुलिन, मनोकामिनी, पीपली ,इलायची, सदासुहागन, अकर्करा ,चित्रक ,घीक्वार आदि औषधीय पौधे भी प्रदर्शित थे। एनबीआरआई में बिगोनिया का पौधा हाइड्रोपोनिक्स के द्वारा ग्रो कराया गया था जोकि बीएससी पंचम सेमेस्टर में प्रैक्टिकल कक्षाओं में उपयोग होता है। उक्त भ्रमण में वनस्पति विज्ञान विभाग के श्री सोमेंद्र सिंह की पूर्ण सहभागिता रही। उपरोक्त भ्रमण हमारे महाविद्यालय के माननीय अध्यक्ष श्री मिश्र जी के कुशल निर्देश के अनुपालन में संपन्न हुआ।

# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

## DEPARTMENT OF BOTANY






## DEPARTMENT OF BOTANY






## DEPARTMENT OF BOTANY





(Head)
Department of Botany